दिन– शनिवार दिनांक– 14 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने अहमदाबाद विमान हादसे की जांच के लिए उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की।

02. **राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा** –प्रदेश में अट्‌ठाईस जून को होने वाले निकाय चुनाव में गर्भवती महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग और प्रवासी मतदाताओं को ई–वोटिंग की सुविधा मिलेगी।

03. विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आज से तेरह जुलाई तक राज्य के सभी अस्पतालों में रक्तदान शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

04. **और**, प्रदेश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकांश स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिवस का यलो अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है, जो वृहस्पतिवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई–171 के दुर्घटना ग्रस्त होने के कारणों की जांच करेगी। नागर विमानन मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह समिति मौजूदा मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसी घटनाओं को रोकने तथा निपटने के लिए जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन की जांच करेगी। समिति, भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश का सुझाव भी देगी।

–––रिपोर्ट–––

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या दो सौ चौवन हो गई है। विमान में कुल दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें भारत के एक सौ उनहत्तर, ब्रिटेन के तिरेपन, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक नागरिक था। विमान में चालक दल के बारह सदस्य भी थे। दुर्घटना में भारतीय मूल का केवल एक ब्रिटिश नागरिक ही जीवित बच पाया है। इंडियन मेडिकल एशोसिएशन के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष मेहुल शाह ने चार मेडिकल छात्रों और एक डॉक्टर की पत्नी की मौत की पुष्टि की है। वर्तमान में, सिविल अस्पताल में इकतीस लोगों का इलाज जारी है।

———————————————————————————

प्रदेश में अट्‌ठाईस जून को होने वाले निकाय चुनाव में मतदाताओं को ई–वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इसके साथ

ही बिहार ई–वोटिंग करने वाला देश का पहना राज्य बन जायेगा। आयोग के अनुसार गर्भवती महिला, अस्सी वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग, असाध्य रोग से पीड़ित और प्रवासी मतदाता अपने स्मार्ट फोन से मतदान कर सकेंगे। इसके लिए मतदाताओं को बाईस जून तक निबंधन करना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि हर बूथ पर कुल मतदाताओं के दस प्रतिशत वोटर ही इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

———————————————————————

पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए आज नामांकन करेंगे। पार्टी के प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी तनवीर हसन ने बताया कि चुनाव परिणाम की औपचारिक घोषणा उन्नीस जून को राज्य परिषद की बैठक में की जायेगी।

———————————————————————

रेल मंत्रालय ने राज्य के दो सौ तेईस रेलवे फाटकों के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज, आरओबी के निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, रेलवे बोर्ड के सदस्य नवीन गुलाटी और पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। फिलहाल रेलवे बोर्ड ने बारह आरओबी और आरयूबी की डीपीआर को मंजूरी दी है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च से मई के बीच राज्य सरकार ने दो सौ तेईस आरओबी बनाने का अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है।

———————————————————————

पूर्वी क्षेत्र के ऊर्जा मंत्रियों का सम्मेलन सत्रह जून को पटना में आयोजित किया जायेगा। इसमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान निकोबार के ऊर्जा मंत्री शामिल होंगे। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव और विभागीय सचिव मनोज कुमार सिंह भी सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन में संसाधनों की उपलब्धता, ट्रांसमिशन क्षमता का विस्तार, साईबर सुरक्षा, आई लैंडिंग स्कीम, आपातकलीन विद्युत पुनर्स्थापन योजना जैसे विषयों पर चर्चा होगी। सम्मेलन को लेकर ऊर्जा सचिव ने एनटीपीसी, आरईसी और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बैठक की और कार्यायोजना पर विचार विमर्श किया।

———————————————————————

राज्य सरकार मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता योजना के तहत प्रदेश के चार सौ सत्तर प्रखंडों में ग्राम स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना करेगी। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से किसानों को खेतों की मिट्टी का परीक्षण सुलभ और समयबद्ध रूप से उपलब्ध होगा। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने

कहा कि इन प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षित युवकों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रयोगशालाओं से उपलब्ध तथ्यों के आधार पर फसलों का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

———————————————————————

प्रदेश में निबंधन कार्यालयों की सुरक्षा अब निजी सुरक्षा गार्ड करेंगे। मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार प्रत्येक जिला निबंधन कार्यालय में पांच और प्रत्येक अवर निबंधन कार्यालय में तीन निजी सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जायेगी। अभी निबंधन कार्यालयों की सुरक्षा के लिए दो–दो गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोलह जून को पटना जिले के मीठापुर–महुली एलिवेटेड रोड का उद्‌घाटन करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोड के पहले चरण का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। पहले चरण में यह रोड सिपारा से महुली तक बन कर तैयार हो गया है।

———————————————————————

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। रक्तदाताओं को सम्मानित करने और रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से प्रति वर्ष चौदह जून को यह दिवस मनाया जाता है। मानव शरीर में ब्लड ग्रुप की खोज करने वाले प्रतिरक्षा वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीन की जयंती पर उनके सम्मान में यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि आज से तेरह जुलाई तक राज्य के सभी अस्पतालों में जागरूकता कार्यक्रम और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

बिहार राज्य रक्ताधान परिषद के निदेशक डॉक्टर नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि रक्तदान से घबराना नहीं चाहिए। इससे मानव शरीर को कई फायदे होते हैं।

———बाईट———

विश्व रक्तदान दिवस पर डॉक्टर गुप्ता से इस पूरी बातचीत को आज शाम सात बजकर बावन मिनट पर प्रादेशिक समाचार एंकाश पटना सामयिक चर्चा कार्यक्रम में सुना जा सकता है।

इधर, पचास से ज्यादा बार रक्त दान कर चुके पटना के मुकेश हिसारिया ने लोगों से रक्तदान की अपील की है।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रदेश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज अररिया, किशगनगंज और कटिहार को छोड़कर राज्य के सभी जिलों में गर्म और आर्द्र दिवस का यलो अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

————————————————————————————

आयुष मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन—योग कनेक्ट का आयोजन करेगा। यह सम्मेलन इक्कीस जून को ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें विश्व के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों और स्वास्थ्य समुदायों के सहभागी भी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दशक भर के प्रभाव के अध्ययन संबंधी रिपोर्ट— योग प्रभाव जारी की जाएगी।

————————————————————————————

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने नई दिल्ली में 'एग्री स्टैकः टर्निंग डाटा इन टू डिलिवरी विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। कृषि मंत्रालय में सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि यह सम्मेलन केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए डिजिटल कृषि मिशन के तहत एग्री स्टैक के कार्यान्वयन से जुड़ा एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य करता है।

————————————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

नेपाल में आयोजित इंडो—नेपाल अंतरराष्ट्रीय डांस प्रतियोगिता में सहरसा की चार वर्षीय कलाकार प्रांशी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

————————————————————————————

शेखपुरा में पुलिस कर्मियों को नए साक्ष्य अधिनियम के तहत वैज्ञानिक तरीके से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य इकट्ठा करने और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रस्तुत करने के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

———————————————————————

अररिया की एक अदालत ने पोक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त मुकेश कुमार दास को तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी सुर्खी बनाया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा दो सौ इकहत्तर करोड़ रूपये लाभार्थी खातों में हस्तांतरित किये जाने की खबर पर लिखा है– सुरक्षा पेंशन के बासठ लाख लाभार्थियों को भेजी राशि।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर इजरायल का हमला। सेना, वायु सेना, आईआरजीसी प्रमुखों समेत बीस बड़े सैन्य अधिकारी मारे गये।

दैनिक भास्कर अहमदाबाद विमान हादसे पर लिखता है– अब सख्ती, बोइंग विमानों की हर उड़ान से पहले होगी विशेष जांच। प्रभात खबर की सुर्खी है– रिशु श्री की कम्पनियों ने आठ बड़े सरकारी विभागों में अफसरों के सांठगांठ से ठेके लिये।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने अहमदाबाद विमान हादसे की जांच के लिए उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की।

02. राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा –प्रदेश में अट्ठाईस जून को होने वाले निकाय चुनाव में गर्भवती महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग और प्रवासी मतदाताओं को ई–वोटिंग की सुविधा मिलेगी।

03. विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आज से तेरह जुलाई तक राज्य के सभी अस्पतालों में रक्तदान शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन का आयोजन किया जा रहा है।

04. और, प्रदेश में उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकांश स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिवस का यलो अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।